# रिन्यूएबल एनर्जी के इस्तेमाल में पीयर्स में वेदांता सबसे आगे, क्षमता 2 जीडब्लू के करीब

**भास्कर समाचार सेवा**/नई दिल्ली। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने (https://x.com/AnilAgarwal_ Ved/status/ 2090310490589471201 ?s= 20) पर एक पोस्ट में अपने समकक्ष समूहों के बीच रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में वेदांता की अग्रणी स्थिति पर प्रकाश डाला है। वेदांता के पास अब अपने विभिन्न कारोबारों में करीब 2 जीडब्लू की स्थापित और अनुबंधित रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता है। अक्षय ऊर्जा दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा वेदांता में हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि हमने एल्युमिनियम, जिंक और अपने अन्य प्लांट्स में रिन्यूएबल एनर्जी के इस्तेमाल को बढ़ाने के लिए बड़ी पहल की है। 2 जीडब्लू की क्षमता के साथ हम भारत में अपने समकक्ष समूहों में आगे हैं और हमारी क्षमता दूसरों की तुलना में पांच गुना तक अधिक है। वैश्विक स्तर पर भी हम अपने समकक्षों में टॉप 2-3 कंपनियों में शामिल हैं। लोगों का कहना था कि इतनी ज्यादा ऊर्जा की जरूरत वाले 24x7 चलने वाले प्लांट्स को रिन्यूएबल एनर्जी से चलाना संभव नहीं है। लेकिन वेदांता की सहयोगी कंपनी रीशिल्ट्र्र् के साथ मिलकर हमने अपने इनोवेशन के जरिए दिखाया है कि यह पूरी तरह संभव है। एल्युमिनियम और जिंक में हमारे नए ग्रीन उत्पादों की दुनियाभर में अच्छी मांग है।